# MASTER OF ARTS (ECONOMICS)

05112

## Term-End Examination

## June, 2014

## MEC-105 : INDIAN ECONOMIC POLICY

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Attempt the number of questions as per instructions given in each section.*

### SECTION A

*Attempt any **two** of the following questions in about 700 words each.* *2×20=40*

1. "China has recently revised its national population policy from 'one-child norm' to 'two children per couple'. Discuss the need for such a policy change in the context of an emerging economy. Should India's population policy be redrawn now ?

2. "The real bane of the Indian economic policy in the present times is inadequate initiative for growth in the manufacturing sector." Do you agree ? Suggest a suitable policy framework.

3. "Inclusive growth can be achieved only if a complete basket of human rights are constitutionally guaranteed." In the context of this statement,

(i) what is inclusive growth ?

(ii) what are these human rights ?

(iii) trace the steps taken by Indian policy-makers.

4. Monetary policy cannot be framed independently of the fiscal policy, because there may be inherent conflicts in two sets of policy. In the light of this statement,

(i) discuss in brief the transmission mechanism of monetary policy and fiscal policy.

(ii) identify the areas of policy-conflict.

## SECTION B

*Attempt any **five** of the following in about 400 words each.* *5×12=60*

5. "India's pattern of growth is different than what happened in the rest-of-the-world ?" Do you agree ? Suggest in brief a policy framework for the future.

6. What do you mean by 'sustainable growth' ? In this context present in brief a suitable framework of policy for land, water and mineral resources.

7. Inadequate infrastructure is posing a serious challenge to speed up economic growth in India. Suggest a suitable policy framework to encourage investment in this sector.

8. The proportion of workforce engaged in agriculture has fallen dramatically during the last two decades. Suggest suitable policy measures to encourage this trend.

9. What do you mean by 'current account deficit' (CAD) in balance of payments ? How is it financed ? Should government policy aim at Zero CAD ?

10. Inflow of foreign capital is not simply a shower of nectar from abroad. Explain and also suggest in brief a suitable policy framework.

11. In wake of the recent global crisis, why are the developed countries moving away from multilateralism to regional groupings ? What role is expected of the WTO ?

12. What do you mean by good governance ? Discuss its importance in a fast emerging economy like India in context of developments during the last two decades.

---

# एम.ए. (अर्थशास्त्र)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2014

## एम.ई.सी.-105 : भारतीय आर्थिक नीति

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *प्रत्येक खण्ड में दिए गए निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

### खण्ड क

*निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 700 शब्दों में दीजिए ।* $2 \times 20 = 40$

1. "हाल ही में चीन ने अपनी राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के प्रति युगल (couple) 'एक बच्चे' से 'दो बच्चे' के नियम को संशोधित किया है ।" एक उदीयमान अर्थव्यवस्था के संदर्भ में इस प्रकार के नीतिगत परिवर्तन की आवश्यकता की चर्चा कीजिए । क्या भारत की जनसंख्या नीति अब पुनः बनाई जानी चाहिए ?

2. "वर्तमान समय में भारतीय आर्थिक नीति की वास्तविक विपदा का कारण विनिर्माण क्षेत्र की संवृद्धि हेतु अपर्याप्त पहल है ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? इस संदर्भ में उपयुक्त नीतिगत ढाँचे का सुझाव दीजिए ।

3. "यदि मानव अधिकारों को संवैधानिक गारन्टी प्रदान की जाती है तो ही समावेशित संवृद्धि (Inclusive growth) प्राप्त की जा सकती है ।" इस कथन के संदर्भ में

(i) समावेशित संवृद्धि क्या है ?

(ii) ये मानव अधिकार क्या हैं ?

(iii) भारतीय नीति-निर्माताओं द्वारा उठाए गए कदमों को रेखांकित कीजिए ।

4. राजकोषीय नीति के बिना मौद्रिक नीति स्वतन्त्र रूप से निर्धारित नहीं की जा सकती क्योंकि इन दोनों ही नीतियों में अन्तरविरोध निहित हो सकते हैं । इस कथन के प्रकाश में

(i) मौद्रिक नीति एवं राजकोषीय नीति के प्रसारण तंत्र की संक्षेप में विवेचना कीजिए ।

(ii) नीतिगत अन्तर-विरोधों के क्षेत्रों को पहचानिए ।

## खण्ड ख

*निम्नलिखित में से किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 400 शब्दों में दीजिए ।* $5 \times 12 = 60$

5. "बाकी विश्व के देशों में जो कुछ हुआ है उससे भिन्न भारत की संवृद्धि का प्रतिरूप (pattern of growth) अलग प्रकार का रहा है ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? भविष्य के लिए संक्षेप में नीतिगत ढाँचे का सुझाव दीजिए ।

6. 'सतत संवृद्धि' से आप क्या समझते हैं ? इस संदर्भ में संक्षेप में भूमि, जल एवं खनिज संसाधनों हेतु उपयुक्त नीतिगत ढाँचे का सुझाव प्रस्तुत कीजिए ।

7. भारत में आर्थिक संवृद्धि की गति तेज करने में अपर्याप्त आधारभूत संरचना एक गंभीर चुनौती बना हुआ है । इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए उपयुक्त नीतिगत ढाँचे का सुझाव दीजिए ।

8. गत दो दशकों में कृषि में लगी हुई कार्यशक्ति के अनुपात में नाटकीय रूप से कमी आई है । इस प्रवृत्ति को उत्साहित करने हेतु उपयुक्त नीतिगत उपायों का सुझाव दीजिए ।

9. भुगतान सन्तुलन के 'चालू खाते में घाटा' (CAD) से आप क्या समझते हो ? इसका वित्तीयन कैसे किया जाता है ? क्या सरकारी नीति को चालू खाते में घाटे को शून्य रखने का उद्देश्य रखना चाहिए ?

10. विदेशी पूँजी का अन्त:प्रवाह विदेशों से मात्र अमृत का प्रदर्शन नहीं है । इसकी व्याख्या कीजिए और साथ ही उपयुक्त नीतिगत ढाँचे का संक्षेप में सुझाव भी दीजिए ।

**11.** हाल ही के वैश्विक संकट के आलोक में विकसित देश बहुदेशीय वाणिज्यवाद की अपेक्षा क्षेत्रीय समूहीकरण की ओर क्यों मुड़ रहे हैं ? विश्व व्यापार संगठन से किस भूमिका की अपेक्षा है ?

**12.** सुशासन से आपका क्या आशय है ? गत दो दशकों के विकास के सन्दर्भ में भारत जैसी त्वरित उदीयमान अर्थव्यवस्था के लिए सुशासन के महत्त्व की चर्चा कीजिए ।